**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**04.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज युवाओं के लिए 62 हजार करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया। ये युवा केन्द्रित पहल, देश में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देंगी। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों–आई.टी.आई. के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन–पीएम–सेतु का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में कौशल की महत्वपूर्ण भूमिका है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार कौशल और नवाचार पर विशेष ध्यान देते हुए युवाओं को भविष्य का नेतृत्व करने के लिए तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि आई.टी.आई. न केवल औद्योगिक शिक्षा के प्रमुख संस्थान हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की कार्यशालाएँ भी हैं।

***पीएम सेतु योजना के माध्यम से इन आईटीआई को अपग्रेड किया जाएगा, यहां नई मशीन आएगी, आधुनिक मशीन आएगी, इंडस्ट्री के ट्रेनिंग एक्सपर्ट्स यहां आएंगे,कारूकलम भी आज की और फ्यूचर की डिमांड के हिसाब से अपग्रेड होगा,एक तरह से पीएम सेतु योजना दुनिया की स्किल डिमांड से भी भारत के युवाओं को जोड़ेगी.***

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पीएम–सेतु योजना से देश भर के एक हज़ार से ज़्यादा आई.टी.आई. को लाभ होगा।

**जगत नेगी**

प्रदेश में सेब सीज़न ने अब तक 2 करोड़ 60 लाख सेब पेटियों का कारोबार हो चुका है। इसके अलावा एमआईएस के तहत राज्य सरकार ने 80 हज़ार मिट्रिक टन सेब की खरीद की है। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने ये जानकारी देते हुए बताया कि आपदा में सड़कों को हुए नुकसान के बावजूद सेब की फसल को मंडियों तक पहुंचाया गया है। उन्होंने सेब को मंडियों तक समय पर न पहुंचाने के भाजपा के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि भाजपा हमेशा किसानों–बागवानों की विरोधी रही है।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में देश में ऊर्जा और आत्मविश्वास का माहौल बना है जो 2047 के विकसित भारत की नींव तैयार कर रहा है। वे आज आईआईटी मंडी में आयोजित कुल्हड़ इकोनॉमी थीम पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुल्हड़ इकोनॉमी थीम में मैक इन इंडिया व हिमाचल की सौंधी खुशबू है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कुल्हड़ इकोनॉमी का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें देश की अर्थव्यवस्था का सक्रिय हिस्सा बनाना है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी यही संकल्प है। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा के साथ–साथ साईंस में भारत की प्रगति में हिमाचल का महत्वपूर्ण योगदान है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत की निर्भीक छवि गढ़ी गई है और भारत ने पाकिस्तान के प्रॉक्सी वॉर को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से करारा जवाब दिया है।

**राजेश धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के औहर में 10 लाख रूपये से अधिक की लागत से निर्मित वास्तविक समय पेयजल गुणवत्ता निगरानी प्रणाली का लोकार्पण किया। बाद में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ये पहल जल संरक्षण और सुरक्षित पेयजल आपूर्ति की दिशा में प्रदेश सरकार का महत्वपूर्ण कदम है। धर्माणी ने कहा कि इस प्रणाली का जल स्रोत पवित्र रूकमणी कुंड की जलधारा से लाया गया है और यहां लगाए गए यूवी सिस्टम के माध्यम से पानी को वैज्ञानिक तरीके से शुद्ध किया जाता है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर ज़िले में स्थित रूकमणी कुंड केवल जल स्रोत नहीं बल्कि संस्कृति व धार्मिक विश्वास का प्रतीक है और सरकार इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है।

**मल्लिका नड्डा**

स्पेशल ओलम्पिक्स भारत की अध्यक्ष डॉक्टर मल्लिका नड्डा ने कहा है कि सक्षम भारत समृद्ध भारत की सोच को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकलांगता की परिभाषा पूरी तरह बदल दी है। सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा द्वारा सोलन में स्पेशल ओलम्पिक्स व रोशनी संस्थान के सहयोग से आयोजित दिव्यांगजन व विशिष्ट व्यक्ति सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने ये बात कही।